तापमान

अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026




11 तापमान गिरने के बावजूद राहत नहीं, भारी गर्मी ने दिन भर छुड़ाया पसीना


12 शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेशभर में प्रसिद्धि पा रहा रेवाड़ी: आरती







## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालकको गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने गत 3 मई को हुए हादसे के बाद केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान केस दर्ज करने के बाद वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने यूपी के बिजनौर निवासी चालक रिजवान को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला सुनीता की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 21 अप्रैल को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने बहादुरगढ़ निवासी अमन को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### गवर्नमेंट स्कूल भाडावास के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रेवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाड़ावास का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्य हरीश चौहान ने बताया कि विद्यालय के सभी 60 छात्र उत्तीर्ण हुए है और इनमें से 36 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया है। विज्ञान संकाय के छात्र मानव ने 95 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम, विज्ञान संकाय से प्रिया व मानविकी संकाय से कशिश ने 92.20 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और मानविकी संकाय की दीपिका 92 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही।

### हनुमान जी का जागरण 18 को


**कोसली।** कोसली बिजली निगम परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में सोमवार रात 18 मई को हनुमान जी का जागरण व अगले दिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जयप्रकाश प्रधान ने बताया कि जागरण में स्थानीय भजन गायक हनुमान जी की महिमा का गुणगान करेंगे।

### सीजेएम ने किया जिला सैनिक बोर्ड में लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण

**रेवाड़ी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डा. रेनू सोलखे ने बुधवार को वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत जिला सैनिक बोर्ड, में संचालित लीगल एड क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। क्लिनिक की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा अधिकारियों, पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वॉलेंटियर की ओर से पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को प्रदान की जा रही कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर डा. रेनू सोलखे ने आमजन, विशेष रूप से सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से अपील करते हुए कहा कि वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वीर परिवार सहायता योजना के तहत स्थापित लीगल एड क्लिनिक द्वारा प्रदान की जा रही निःशुल्क कानूनी सहायता एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

*विनीता पीपल ने नेहारिका को 21455 मतों से हराया, धारूहेड़ा में जांगड़ा 6236 मतों के अंतर से जीता चुनाव*

# दोनों निकाय में खिला 'राव' का कमल, विनीता व अजय के सिर सजे ताज, कांग्रेस नहीं बचा पाई लाज


रेवाड़ी। सर्टिफिकेट लेते हुए नप चेयरपर्सन विनीता पिपल। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। नप चेयरपर्सन विनीता पिपल के साथ पदाधिकारी व समर्थक। फोटो : हरिभूमि

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

गत 10 मई को हुए नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका चुनावों के परिणाम बुधवार को घोषित हो गए। दोनों निकाय में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत समर्थित भाजपा प्रत्याशी शानदार जीत हासिल करने में सफल रहे। विनीता पीपल ने कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका को 21455 मतों से शिकस्त दी, जबकि धारूहेड़ा में निर्दलीय प्रत्याशी बाबूलाल लांबा को 6236 मतों से हराया।

मतगणना केंद्रों पर सुबह से ही प्रत्याशियों और उनके समर्थकों का पहुंचना शुरू हो गया था। दोनों मतगणना केंद्रों पर पहले वार्डों के परिणाम घोषित हुए। उसके बार दोनों चेयरमैन प्रत्याशियों के लिए काउंटिंग शुरू की गई। नगर परिषद चुनावा में मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका और भाजपा प्रत्याशी विनीता पीपल के बीच रहा। विनीता को 44521 और नेहारिका को 23066 वोट मिले। इनके अलावा निर्दलीय प्रत्याशी डा. मीनू डहीनवाल को 3103, आशा देवी को 1851 व दीपिका को 948 वोट मिले। कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन करने वाली निर्दलीय शकुंतला भगवाड़िया भी 552 वोट ले गई। नोटा को भी 1049 वोट मिले। कांग्रेस को छोड़कर अन्य कोई प्रत्याशी जमानत राशि नहीं बचा सकी।

### भाजपा के 12 पार्षद निर्वाचित

भाजपा ने शहर के सभी 32 वार्डों में अपने पार्षद कमल निशान पर चुनाव मैदान में उतारे थे। कांग्रेस ने चुनिंदा वार्डों में ही सिंबल पर चुनाव लड़वाया था। नेहारिका के पति प्रवीण चौधरी अपने वार्ड से चुनाव जीत गए। भाजपा ने 12 वार्डों में जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस को प्रवीन की जीत के रूप में एक वार्ड में सफलता मिल सकी। नगर परिषद के अन्य 19 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत दर्ज हुई है।

### गांव में मना शहर की जीत का जश्न

नगर परिषद चुनाव शहर से संबंधित होने के बावजूद विनीता पीपल और अजय जांगड़ा की जीत का जश्न रामपुरा गांव में मनाया गया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विनीता पीपल और अजय जांगड़ा समर्थकों सहित राव इंद्रजीत के रामपुरा निवास पहुंच गए। वहां जोरदार जश्न मनाया गया। रामपुरा निवास पर बड़ी संख्या में राव समर्थक पहुंच गए, जहां जीत डीजे की धुन पर जीत की खुशी जाहिर की गई।

### चौथे दौर की मतगणना में निकले

कांग्रेस प्रत्याशी नेहारिका चौधरी और उनके पति प्रवीण चौधरी चौथे दौर की मतगणना में हजारों वोटों से पिछड़ने के बाद मतगणना केंद्र से बाहर निकल गए। मतगणना शुरू होने के बाद न तो कांग्रेस और न ही भाजपा के वरिष्ठ नेता मतगणना केंद्रों पर पहुंचे। जो प्रत्याशी जीत हासिल कर रहे रहे थे, उनके समर्थक जश्न मना रहे थे। हारे हुए प्रत्याशी खामोशी के साथ निकल रहे थे।

### सबसे कम उम्र के पार्षद अमन

धारूहेड़ा नगर पालिका में इस बार लगभग सभी पार्षद उच्च शिक्षित बने हैं, तो वार्ड नं. 8 से 23 वर्षीय अमन राव संभवतया सबसे कम उम्र के पार्षद बने हैं। अमन राव का कहना है कि पार्षद का चुनाव लड़ने का सोचा भी नहीं था। इस बार जब अमन राव के दादा हरियाणा पर्यटन निगम के पूर्व अध्यक्ष राव इंद्रपाल व नपा की पूर्व अध्यक्षा प्रेम राव ने उसे चुनाव लड़ने के लिए कहा तो वह उनके निर्देश पर चुनाव मैदान में उतर गया।

### जश्न के समय जमकर मारपीट

वार्ड नं. 14 से निर्वाचित हुए पार्षद चंदन यादव की जीत के बाद उसके समर्थकों ने जोरदार विजय जुलूस निकालना शुरू किया, तो पराजित प्रत्याशी ने चंदन और उसके समर्थकों पर हमला बोल दिया। इस हमले में चंदन को मामूली चोटें आईं, जबकि उनके एक समर्थक बुरी तरह जख्मी हो गए। बार एसोसिएशन के प्रधान विश्वामित्र ने प्रस्ताव पास करते हुए हमलावर का केस किसी भी वकील की ओर नहीं लड़ने का निर्णय लिया गया।

### निर्दलीय पार्षद भी पहुंचे राव शरण में

कई वार्डों में भाजपा की टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय चुनाव जीते लगभग एक दर्जन पार्षद भी चुनाव परिणाम आने के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की शरण में चले गए। इन पार्षदों ने केंद्रीय मंत्री के प्रति अपनी आस्था जताते हुए उनके निर्देश पर कार्य करने का भरोसा दिलाया। राव ने भी इन पार्षदों को पूरा सम्मान दिया।

### फफक-फफक रो पड़ी प्रत्याशी

एक वार्ड से चुनाव लड़ रही महिला प्रत्याशी परिणाम घोषित होने के बाद तुरंत मतगणना केंद्र से बाहर आ गई। बाहर आते ही वह अपनी भावना को काबू नहीं कर सकी। पति से लिपटकर वह जोर-जोर से रोने लगी। महिला का पति उसे दिलाशा दिलाता रहा। वहीं कई धुरंधर भी पार्षद का चुनाव हारने के बाद मुंह लटकाकर मतगणना केंद्रों से बाहर चुपचाप निकलते दिखाई दिए।

### अजय जांगड़ा को मिले 9382

धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अजय जांगड़ा 9392 वोट मिले। उनके निकटतम प्रत्याशी निर्दलीय बाबूलाल लांबा को 3156 वोट मिले। कांग्रेस प्रत्याशी राज मुकाबले से बाहर रही। उन्हें महज 1817 वोट ही मिल सके। इनके अलावा दिनेश को 1535, पूर्व चेयरमैन कंवर सिंह को 1246 और प्रदीप को 544 वोट मिले। धारूहेड़ा के मतदाताओं ने नोटा को मात्र 90 वोट ही दिए।




वार्ड-9 सचिन | वार्ड-11 सुषमा | वार्ड-5 पूनम कुमारी


रेवाड़ी। अपने प्रत्याशी के जीतने पर खुशी मनाते लोग। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। गर्ल्स कॉलेज में मतगणना करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## अजय के नपा चेयरमैन बनने पर खुशी मनाई


रेवाड़ी। कोसली में लड्डू बांटते जांगिड़ समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली गांव में जांगिड़ समाज के लोगों ने अजय जांगड़ा के धारूहेड़ा नगरपालिका का चेयरमैन चुने जाने पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई। कोसली के सरपंच रामकिशन जांगिड़ ने कहा कि भाजपा ने सदैव सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास कि नीति अपनाई है। भाजपा ने जांगिड़ समाज के अजय जांगिड़ को प्रत्याशी बनाकर समाज का मान बढ़ाया है। जनता ने उस पर अपनी मोहर लगाकर भाजपा का कमल खिलाने का काम किया है। उन्होंने समाज को मान-सम्मान देने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव व भाजपा संगठन का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर जगदीश जांगड़ा व सूरजभान जांगड़ा सहित जांगिड़ समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### नगर परिषद रेवाड़ी के विजेता पार्षद


वार्ड-2 पूजा | वार्ड-3 प्रवीण | वार्ड-4 ओमप्रकाश | वार्ड-6 गोपाल कृष्ण
वार्ड-7 चेतराम सैनी | वार्ड-8 पूनम सतीजा | वार्ड-10 पवन बठला | वार्ड-12 निखिल
वार्ड-13 संतोष | वार्ड-14 चंदन यादव | वार्ड-15 रचना राव | वार्ड-16 मुकेश वर्मा
वार्ड-17 सुचित्रा चांदना | वार्ड-18 रंजना | वार्ड-19 निहाल सिंह | वार्ड-20 सुमन सैनी
वार्ड-21 संतोष | वार्ड-22 देवेन्द्र शर्मा | वार्ड-23 रीना गुप्ता | वार्ड-24 नीरज यादव
वार्ड-25 सत्यनारायण | वार्ड-26 इतेन्द्र पाल | वार्ड-27 सुमन खरेरा | वार्ड-28 रमेश मोरवाल
वार्ड-29 श्री भगवान | वार्ड-30 पूमन कुमारी | वार्ड-31 प्रदीप भार्गव | वार्ड-32 मनीष
वार्ड-1 शिल्पी शर्मा | त्रिलोक वार्ड-3 धारूहेड़ा | देवेन्द्र वार्ड-2 धारूहेड़ा | सुमित्रा वार्ड-18 धारूहेड़ा
अमन वार्ड-8 धारूहेड़ा | अमित वार्ड-10 धारूहेड़ा | कविता वार्ड-1 धारूहेड़ा | मंशा देवी वार्ड-17 धारूहेड़ा
मोनिका वार्ड-7 धारूहेड़ा | निहाल वार्ड-4 धारूहेड़ा | रंजन वार्ड-9 धारूहेड़ा | रीना वार्ड-11 धारूहेड़ा

कई हेल्थ डाटा के अनुसार दुनिया में 30 से 80 वर्ष की आयु वाले 1.4 बिलियन से अधिक लोग हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। यह गंभीर चिंताजनक इसलिए भी है कि इससे कई दूसरी प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हाई बीपी को लेकर आप पूरी तरह अवेयर रहें। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

## कई प्रॉब्लम्स की वजह बन सकता है हाई बीपी



**मेडिकल सजेशन**



डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

आज के दौर में हाइपरटेंशन यानी हाई बीपी को कॉमन डिजीज माना जाता है। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना ठीक नहीं है क्योंकि इसकी वजह से शरीर में कई अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**क्या होता है हाइपरटेंशन:** एक हेल्दी एडल्ट व्यक्ति का अपर या सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 120 एमएम एचजी और लोअर या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचजी होता है। अगर लोअर रीडिंग 85 से अधिक और अपर रीडिंग 120 से अधिक हो तो उसे हाई बीपी कहते हैं। अगर यह रीडिंग 140/100 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे हाइपरटेंशन ग्रेड वन कहते हैं। अगर यह रीडिंग 170/110 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे ग्रेड टू हाइपरटेंशन कहते हैं।

**माना जाता है साइलेंट किलर:** अगर कोई व्यक्ति हाइपरटेंशन से ग्रस्त है तो रेग्युलर मॉनिटरिंग और डॉक्टर के कंसल्टेशन से दवा लेकर इसे कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा न करने पर इसका बुरा असर कई अंगों पर पड़ सकता है। हार्ट, किडनी और आइज पर बुरा असर पड़ सकता है। पेशेंट को पैरालाइसिस होने का रिस्क रहता है, उसकी आंखों की रोशनी जा सकती है और उसको हार्ट अटैक भी हो सकता है। इसीलिए हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहते हैं।

**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** हाइपरटेंशन होने का रिस्क उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका बॉडी वेट अधिक होता है, जिनकी हाई बीपी की फैमिली हिस्ट्री है, जो स्मोकिंग करते हैं, जिनको डायबिटीज है या जिनकी लाइफस्टाइल अनहेल्दी है।

**प्रमुख लक्षण:** आपको उन लक्षणों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए, जो हाइपरटेंशन की वजह से हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं- सिरदर्द, थकावट, घबराहट, बेचैनी, सुस्ती, वॉमिटिंग, आंखों से धुंधला दिखना। अगर बीपी बहुत ज्यादा हो तो नाक से ब्लीडिंग भी हो सकती है। चेस्ट में दर्द, सांस लेने में परेशानी महसूस हो सकती है।

**ऐसे करें बीपी कंट्रोल:** इसे कंट्रोल करने के लिए पेशेंट को रेग्युलर अपना बीपी, शुगर लेवल और कॉलेस्ट्रॉल चेक करवाते रहना चाहिए। अपनी लाइफस्टाइल हेल्दी रखनी चाहिए। हेल्दी डाइट लें, कॉमन आयोडाइज्ड सॉल्ट का सेवन डेली 5 ग्राम से अधिक नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सेंधा नमक का सेवन करते हैं, लेकिन उसे भी कम लेना चाहिए क्योंकि उसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है। ग्रीन वेजिटेबल्स और प्रोटीन का सेवन करें, इससे वेट कंट्रोल रहेगा। मोनोअनसैचुरेटेड फैट जैसे ऑलिव ऑयल, कैनोला ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का सेवन करना चाहिए।

**ट्रीटमेंट में न बरतें लापरवाही:** अगर लाइफस्टाइल और डाइट सुधारने के बाद भी बीपी नॉर्मल नहीं हो पा रहा है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। उनकी बताई दवा रेग्युलर लेनी चाहिए। ट्रीटमेंट में लापरवाही से दूसरे अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर कोई व्यक्ति डायबिटिक है और उसे हाई बीपी भी है तो उसे और भी अवेयर रहना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** हाइपरटेंशन से बचने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। फास्ट फूड और जंक फूड अवॉयड करें। अपना बॉडी वेट कंट्रोल रखें। बहुत मीठा और बहुत नमक वाली चीजें न खाएं। स्मोकिंग और एल्कोहल का सेवन न करें। रेग्युलर वर्कआउट करना, रोज अच्छी नींद लेना भी बीपी कंट्रोल करने में सहायक है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. मनीषा चक्रवर्ती
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी
मैरिंगो हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

स्पेशल: वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

बीते कुछ वर्षों में वयस्क और बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने लगे हैं। यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि इससे बच्चों की फ्यूचर लाइफ प्रभावित हो सकती है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि बच्चों में हाइपरटेंशन क्यों होता है, इसके क्या लक्षण हैं, इसका क्या उपचार है और इससे बच्चों को कैसे बचाया जा सकता है?

## सीरियस हेल्थ इश्यू चाइल्डहुड हाइपरटेंशन





पहले ऐसा माना जाता था कि हाइपरटेंशन बड़े और बुजुर्गों की बीमारी है, लेकिन आज के समय बच्चों में भी हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के हिसाब से जिस उम्र में बच्चों का समुचित विकास होना चाहिए, उस उम्र में उन्हें हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी घेर रही है। विडंबना है कि ज्यादातर पैरेंट्स इसके लक्षणों को आए दिन होने वाली दूसरी बीमारी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं और बीपी चेक कराने में लापरवाही करते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसी वजह से 9 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों में ब्लड प्रेशर हाई होने का पता नहीं चल पाता, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर 100 में से 7-8 बच्चे हाइपरटेंशन से जूझ रहे हैं। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंस हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के मामले लगभग दो गुने हो चुके हैं। वर्ष 2000 में जहां बच्चों में हाई बीपी का आंकड़ा करीब 2-3 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2020 तक यह बढ़कर 6 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया है। बच्चों को हाइपरटेंशन की समस्या किसी भी उम्र में (जन्मजात विकार होने पर नवजात शिशु में भी) हो सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा 10-15 साल के बच्चे इसके शिकार होते हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार बचपन में हाइपरटेंशन होने से व्यक्ति के जीवन के अगले पांच दशकों में दिल की बीमारी से होने वाली मौत का जोखिम 40-50 प्रतिशत बढ़ सकता है।

**क्या होता है ब्लड प्रेशर:** असल में ब्लड प्रेशर का संबंध हमारे हार्ट से है। हार्ट हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और ब्लड का सर्कुलेशन पूरे शरीर में करता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय ब्लड आर्टरीज या ब्लड वेसल्स में पड़ने वाले प्रेशर को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है, तब प्रेशर ज्यादा होता है, जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। दूसरी हार्टबीट से पहले हार्ट रिलेक्स मोड में ब्लड अपने अंदर ले रहा होता है। तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। शरीर की संरचना और आयु के हिसाब से ब्लड प्रेशर में अंतर होता है। ब्लड प्रेशर बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्पिगनोमेनोमीटर इंस्ट्रूमेंट से मापा जाता है। इंस्ट्रूमेंट में आई ऊपर वाली रीडिंग सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और नीचे वाली रीडिंग डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहलाती है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों में हाइपरटेंशन मापने का अलग पैमाना सेट किया है। बच्चे की उम्र, लिंग और लंबाई के अनुसार अलग बीपी चार्ट बनाया गया है, जिसके आधार पर बच्चे का ब्लड प्रेशर की जांची की रेंज दी गई है। जैसे- नवजात शिशु में 60/40 मिमी. एचजी, एक साल में 80/60 मिमी. एचजी और उससे ऊपर नॉर्मल बच्चे में 90/60 मिमी. एचजी और 14-15 साल के बाद वयस्कों की नॉर्मल रेंज आ जाती है यानी 120/80 मिमी. एचजी। इनसे ज्यादा रेंज होने पर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की स्थिति मानी जाती है।

**ब्लड प्रेशर चेक कराना जरूरी:** अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार आमतौर पर सभी बच्चे 3 साल की उम्र तक रेग्युलर चेकअप के लिए पिडियाट्रिशियन डॉक्टर के पास जाते हैं। अन्य चेकअप्स के साथ उनका बीपी मापना कंपल्सरी है। अगर बीपी ज्यादा आता है, तो समय-समय पर यानी दो-तीन महीने में चेक कराना जरूरी है, क्योंकि जरूरी नहीं कि हाई ब्लड प्रेशर के सिंप्टम्स भी दिखें। अक्सर यह साइलेंट किलर की तरह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और बच्चे की हालत बिगड़ने के बाद ही पता चल पाता है।

**हाई बीपी के लक्षण:** बच्चे को सिरदर्द होना या चक्कर आना, देखने में दिक्कत हो रही है, पैरों में दर्द, लेग-क्रैम्प होना, चलने या खेलने पर जल्दी थकान होना, पेट में दर्द होना, यूरिन करने में परेशानी होना, घबराहट होना, चिड़चिड़ापन होना, नींद न आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**क्या होते हैं कारण:** बच्चों में हाई बीपी के कई कारण हो सकते हैं जैसे-जेनेटिक या फैमिली हिस्ट्री होना। जन्मजात हार्ट की बनावट में खराबी होना जैसे- एओर्टा आर्टरीज (महाधमनी) में संकुचन होना। हार्ट मसल्स का कमजोर होना। हार्ट आर्टरीज पर प्रेशर पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक होना। किडनी की आर्टरीज का ठीक से न बना होना या संकुचित होना। बुखार की वजह से शरीर की ब्लड वेसल्स में सूजन आना। गलत खान-पान जैसे- सोडियम रिच फास्ट या जंक फूड्स या फैटी फूड्स का अधिक सेवन, नमक का सेवन अधिक करना। अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली। फिजिकल एक्टिविटीज या रेग्युलर एक्सरसाइज की कमी। पढ़ाई और करियर को लेकर तनाव होना।



**क्या होता है असर:** बच्चे में अगर लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहता है, तो उसके कारण हार्ट में हाइपरट्रॉफी की समस्या हो जाती है। इसमें हार्ट मसल्स की थिकनेस बढ़ जाती है, जिससे हार्ट की पंपिंग पर असर पड़ता है या डायस्टोलिक फंक्शन धीरे-धीरे कम हो जाता है। ब्रेन, हार्ट, आइज, किडनी को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। बढ़ा हुआ बीपी धीरे-धीरे हार्ट की धमनियों पर दबाव डालता है, जिससे हार्ट डिजीज होने या हार्ट अटैक होने की आशंका रहती है। आर्टरीज फट सकती हैं और उनमें क्लॉटिंग होने से ब्रेन हैमरेज या ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या है उपचार:** अगर ब्लड प्रेशर बार-बार हाई आ रहा हो या उसकी हार्ट की पंपिंग कम हो रही हो तो बच्चे को ज्यादा एक्टिविटीज करने से मना किया जाता है और उसे आईवी यानी नस के माध्यम से मेडिसिन दी जाती है। बच्चे के नॉर्मल होने पर ओरल लिक्विड मेडिसिन पानी में मिलाकर दी जाती है। साथ ही डॉक्टर मरीज को यथासंभव लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन करने की भी सलाह देते हैं जैसे- बीपी रेग्युलर चेक कराने, प्रोसेस्ड जंक फूड या ऑयली फूड से परहेज, कम नमक वाला खाना खाने, रेग्युलर कार्डियक एक्सरसाइज करना।

मेडिसिन आमतौर पर लंबे समय तक चलती हैं लेकिन कई मामलों में बच्चे का ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो जाता है या फिर हार्ट की बनावट में सुधार होने या किडनी की बीमारी ठीक होने के बाद बीपी कंट्रोल में आ जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे की मेडिसिन डॉक्टर के सुपरविजन में धीरे-धीरे बंद कर दी जाती हैं। पैरेंट्स को रेग्युलर डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। मेडिसिन लेने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### बच्चों को हाइपरटेंशन से बचाने के उपाय



रेग्युलर हेल्थ चेकअप और लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन से बच्चों को हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने से बचाया जा सकता है। फैमिली हिस्ट्री होने या प्रेग्नेंसी के दौरान सामान्य अल्ट्रासाउंड में बच्चे के हार्ट की बनावट या मसल्स में थिकनेस होने की आशंका हो तो प्रेग्नेंसी के 18-24 सप्ताह के बीच फीटल इकोकार्डियोग्राफी अल्ट्रासाउंड टेस्ट कराएं। ताकि पता चलने पर पैरेंट्स पहले ही केयरफुल हो सकें। अस्पताल से डिस्चार्ज होने से पहले पीडियाट्रिशियन डॉक्टर द्वारा नवजात शिशु के हार्ट या किडनी की बनावट और ब्लड प्रेशर की जांच जरूर की जानी चाहिए। सभी बच्चों का 3 साल से कम उम्र में ब्लड प्रेशर जरूर चेक कराएं। बच्चे का रुटीन चेकअप कराने या इम्यूनाइजेशन के लिए जाएं, तो उसका ब्लड प्रेशर जरूर चेक करवाएं। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन कराएं। यथासंभव बच्चों को फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, वसायुक्त आहार से दूर रखें। सीमित मात्रा में नमक का सेवन की आदत डालें। खासकर टेबल सॉल्ट यानी ऊपर से नमक मिलाना अवॉयड करें। बच्चों को ज्यादा नमक वाली चीजें जैसे- पैकेज्ड फूड, अचार, पापड़, चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, सॉस कम दें। टीवी और मोबाइल स्क्रीन का समय सीमित करने, सेडेंटरी लाइफस्टाइल से दूर रहने और रोजाना क्षमतानुसार फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम खेलने या एक्सरसाइज करने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। माता-पिता अगर हाई बीपी की समस्या से पहले से पीड़ित हैं, तो गर्भावस्था में बच्चे को इसका शिकार होने से बचाने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

## गर्मी में अमृत जैसा है पुदीना

इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी खूब पड़ रही है। तेज धूप, लू के थपेड़े, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी, ये सब ऐसी स्थितियां हैं जो कई शारीरिक समस्याएं पैदा कर देती हैं। इसलिए पुदीना का सेवन कारगर है। यूं तो पुदीना कोई भी मौसम हो, यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, लेकिन गर्मियों में तो मानो यह अमृत जैसा वरदान है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में शरीर की गर्मी को शांत करने के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए पुदीने का इन दिनों तरह-तरह से उपयोग किया जा सकता है।

**जब तापमान बढ़ जाए:** गर्मी में कई बार शरीर का भी तापमान बढ़ जाता है। इस स्थिति को अगर काबू न किया जाए तो सिर्फ तबीयत खराब हो सकती है। जब किसी के शरीर में गर्मी बढ़ जाती है, तो उसे ठंडा करने के लिए पुदीने का कई तरह से उपयोग किया जाता है। पुदीने की शिकंजी पी सकते हैं। पुदीने के रस से शरीर की मालिश की जा सकती है। कच्चे आम के पने में ढेर सारी पुदीने की पत्तियां पीसकर मिला सकते हैं, जो शरीर के गर्म तासीर को ठंडा करती हैं। पुदीने को पीसकर या इसकी चटनी बनाकर शर्बत के साथ पेट भरकर पीने से राहत मिलती है। दिन में छह-सात पुदीने की शिकंजी पी लेने से गर्मी दूर हो जाती है।



**डिहाइड्रोशन से बचाव:** गर्मियों में पसीना बहुत आता है, पसीना आने से शरीर में पानी कम हो जाता है। इससे डिहाइड्रोशन की समस्या हो जाती है। ऐसी स्थिति में भी पुदीने का शर्बत, पुदीने की शिकंजी रामबाण की तरह कारगर साबित होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि शरीर के इलेक्ट्रोलाइट संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है।

**पेट दर्द से राहत:** गर्मी में अकसर भूख कम लगती है और रह-रहकर पेट दर्द होता है। वास्तव में यह कमजोर पाचनतंत्र का नतीजा होता है। ऐसे में पुदीने के अर्क को बतासे के साथ या शिकंजी के साथ लेने से पेट का दर्द खत्म हो जाता है। पाचनतंत्र मजबूत होता है, जिससे भूख लगने लगती है। पुदीना पाचन को बेहतर तो बनाता ही है, यह पेट को गैस और एसिडिटी से भी राहत देता है।

**त्वचा का रखवाला:** गर्मी में जहां पुदीना पेट और पाचन संबंधी कई समस्याओं से राहत देता है, वहीं गर्मी में शरीर की सूखी, मुरझायी और झुलस गई त्वचा के लिए भी यह बहुत काम की हर्ब है। चूंकि पुदीना त्वचा को ठंडक देता है, जिस कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। यह त्वचा को साफ और स्वस्थ रखने में बहुत मददगार है। *

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बार-बार हो गले में इंफेक्शन



**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-रोहित, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका गला बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव है और थोड़ा-सा भी ठंडा-गर्म होने पर समस्या शुरू हो जाती है। इसलिए बगैर फिजिकली देखे तो कुछ भी ट्रीटमेंट बताना ठीक नहीं होगा। एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वो फिजिकल गले की जांच करेंगे, अगर जरूरत पड़ी तो कुछ टेस्ट भी कराएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप फ्रिज में रखी या बाजार में मिलने वाले ठंडे आइटम बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में हेयरलाइन फ्रेक्चर हुआ था। बैंडेज उतरने के बाद फिजियोथेरेपिस्ट से एक्सरसाइज भी किया था। अब भी फ्रेक्चर वाली जगह पर दर्द होता है और चलने-फिरने में भी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्रपाल, हिसार**

आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वो दोबारा से उसी जगह का एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी ठीक से जुड़ी है या नहीं। दर्द का क्या कारण है। बगैर एक्स-रे कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक चलना-फिरना बिल्कुल ना करें, ना ही वजन उठाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इसका कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जीवन, महासमुंद**

आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी आती है। अगर आपका एचबी नॉर्मल है तो डॉक्टर फिजिकली चेकअप कर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए बाजार से कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। देर तक बैठने के बाद मेरे घुटनों में जकड़न महसूस होने लगती है और चलने-फिरने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-रमेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपके जॉइंट्स में गैप बढ़ रहा है, यह उम्र के साथ बढ़ता है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। इसका स्थाई समाधान एक्सरसाइज से होगा। इसके अलावा मौजूदा समय में विटामिन-डी की कमी भी लोगों में एक बड़ी वजह बन रही है। इसलिए आपको विटामिन-डी की दवा भी लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज या बोली या सुनी हुई बात तुरंत ही भूल जाता हूं। प्लीज बताएं ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-कमलेंद्र, रायगढ़**

कुछ लोगों में उम्र बढ़ने के साथ मेमोरी लॉस की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप ऐसे गेम खेलें, जिसमें दिमाग की एक्सरसाइज अधिक हो। इसका तरीका यही है, इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे पसीना बहुत आता है, अकसर बीपी लो हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-सुशांत, रायपुर**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, इसलिए बीपी लो की समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए आप अधिक से अधिक पानी पिएं और कोशिश करें कि तेज धूप में ना निकलें और निकलना ही है तो साथ में पानी की बोतल रखें और हर घंटे के अंतराल में पीते रहें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

**प्रिकॉशन**

डॉ. माजिद अलीम

डिहाइड्रेशन को गर्मी में होने वाली आम स्वास्थ्य समस्या माना जाता है। लेकिन इसमें लापरवाही बरतने पर पेशेंट की कंडीशन बिगड़ भी सकती है। इस बार गर्मी ज्यादा पड़ रही है, इसलिए और अधिक सावधान रहने की जरूरत है। आपके लिए उपयोगी सलाहें।

## डिहाइड्रेशन को न करें इग्नोर



मई की तपती दोपहरें हर साल आती हैं। हर साल मई-जून के महीने में देश के दो तिहाई हिस्से में लगता है कि जैसे आग बरस रही है। लेकिन इस बार स्वास्थ्य विशेषज्ञ बार-बार कह रहे हैं कि डिहाइड्रेशन को हल्के में न लें। दरअसल, इस साल अप्रैल से ही जिस तरह की गर्मी पड़ रही है, वैसी अब के पहले कभी नहीं पड़ी। ऐसे में डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ डिहाइड्रेशन को लेकर यह चेतावनी इसलिए दे रहे हैं कि आमतौर पर लोग इसे सिर्फ पानी की कमी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन जानकारों को आशंका है कि इस साल बढ़ते तापमान के साथ लू के थपेड़े पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। विशेषकर बदलती जीवनशैली और हाल के सालों में खान-पान में हुए व्यापक बदलाव के कारण डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक बढ़ गया है।

**डिहाइड्रेशन बढ़ने की वजहें:** एक समय था जब लोग दिन में एकाध घंटे के लिए ही एसी में रहा करते थे। आज कुछ लोग घर के एसी कमरे से निकलते हैं और दफ्तर में पूरे समय एसी में रहते हैं और शाम को फिर एसी की गाड़ी से बैठकर घर आकर एसी कमरे में ही रहते हैं। यह शरीर के लिए बेहद खतरनाक है, खासकर उन लोगों के लिए जिनकी जीवनशैली में यह हाल में ही शामिल हुई है यानी उनका शरीर एसी के लिए पहले से आदी नहीं रहा। एक नासमझी यह भी देखी जाती है कि लोग कई बार गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक और चाय-कॉफी आदि को भी पानी का विकल्प मान लेते हैं। इसलिए ध्यान रखिए ये चीजें शरीर में पानी की कमी को पूरा नहीं करतीं बल्कि उसे बढ़ाती हैं यानी गर्मियों में चाय और कोल्ड ड्रिंक दोनो डिहाइड्रेशन के कारण भी बन सकते हैं।

**डिहाइड्रेशन के दुष्प्रभाव:** डिहाइड्रेशन का मतलब सिर्फ प्यास लगना नहीं है, यह शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, पोटैशियम की कमी का संकेत भी है। ऐसे में जब ये संतुलन बिगड़ता है तो शरीर के महत्वपूर्ण अंग प्रभावित होते हैं। सिरदर्द, थकान, रह-रहकर चक्कर आना, होंठ सूखना, त्वचा का गर्म होना तथा सूखना, ये सब डिहाइड्रेशन के संकेत हैं। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो हीट स्ट्रोक या लू के चलते किडनी खराब हो जाती है और लोग बेहोश तक हो जाते हैं। इसलिए इन गर्मियों में प्यास न लगने पर भी दो घूंट पानी पीते रहें और जितना संभव हो ठंडे पानी को पीने से बचें। जहां तक सवाल यह है कि डिहाइड्रेशन किन लोगों के लिए ज्यादा खतरनाक है तो इसका जवाब है, बच्चे विशेषकर छोटे बच्चे, जो अकसर पानी पीना भूल जाते हैं, बुजुर्ग जिनके शरीर में पानी को बचाए रखने की क्षमता कम हो जाती है, फील्ड जॉब करने वाले लोग जिन्हें खुली धूप में काम करना पड़ता है तथा बीमार व्यक्ति, खासकर जो पहले से ही डायबिटीज या किडनी की समस्या से ग्रस्त हैं। ऐसे सभी लोग ज्यादा जोखिम में रहते हैं।

**डिहाइड्रेशन से बचने के उपाय:** गर्मी के मौसम में तरबूज, खीरा, खरबूजा जैसे फल खाएं। दही, छाछ और लस्सी जैसे पेय पदार्थ पीएं। हर 30 से 40 मिनट में थोड़ा पानी जरूर पी लें, भले प्यास लगी हो या न लगी हो। इन दिनों अपनी दिनचर्या में नीबू पानी, छाछ, नारियल का पानी और ओआरएस को शामिल करें। जबकि खाने में तला-भुना मसालेदार और बासी खाने को बिल्कुल दूर करें। दोपहर में 12 से 4 बजे तक कोशिश करें कि खुली धूप में न निकलना पड़े। साथ ही इस मौसम में हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। दिमाग को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए ध्यान लगाएं, योगासन करें और सुबह ठंडे मौसम में लंबी-लंबी सांसें लेने का अभ्यास करें। अगर तेज बुखार आए या बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस हो रही हो तो तुरंत डॉक्टर की मदद लें। *



## खबर संक्षेप

### लंबोरिया एकेडमी का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**नांगल चौधरी।** भिवानी शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित 12 वीं कक्षा के नतीजों में लंबोरिया एकेडमी बुढ़वाल का प्रदर्शन शानदार रहा है। स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण करके संस्था का गौरव बढ़ाया है। प्रबंधक निदेशक राजपाल लंबोरा ने मेधावी प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में 34 विद्यार्थी अपीयर हुए थे। जिनमें श्वेता पुत्री लोकेंद्र राय ने 93 अंक हासिल किए हैं। मयंक कुमार ने 92 तथा मोहित पुत्र देवेंद्र सिंह ने 86 फीसदी अंक लेकर मेरिट सूची में स्थान बनाया है।

### संत ठाकुर दास स्कूल का परिणाम रहा शानदार

**नांगल चौधरी।** संत ठाकुरदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाचनोता के शत प्रतिशत विद्यार्थियों बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करके कीर्तिमान बनाया है। स्कूल के 15 विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। मेधावी प्रतिभाओं को चेयरमैन बस्तीराम यादव ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि छात्रा गरिमा पुत्री पवन कुमार ने 94, तमन्ना कुमारी ने 90, रेखा कुमारी ने 89, प्रियंका कुमारी को 88, मोहित कुमार को 88, निशांत कुमार ने 87, साहिल कुमार ने 85, मोना कुमारी ने 85, सचिन कुमार ने 84, आशा कुमारी ने 84, मोहित कुमार ने 82, योगेश कुमार ने 80, लोकेश कुमार ने 81 प्रतिशत अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा में 40 विद्यार्थी अपीयर हुए थे, सभी ने प्रथम श्रेणी सूची में स्थान अर्जित किया।

### ढाणा गांव में मारपीट के आरोप में केस दर्ज

**कनीना।** सदर थाना अंतर्गत गांव ढाणा में एक युवक पर बेरहमी से हमला घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाणा निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि पांच मई की रात उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें उन्हें सरकारी स्कूल के पास बुलाया गया। जैसे ही स्कूल के पास पहुंचा वहां मौजूद आठ से 10 लड़कों ने उन्हें घेर लिया और लाठी, डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण बचाने आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने मनीष व प्रतिम मोड़ी सहित अन्य के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** पुलिस ने बाइक चोरी मामले में कार्रवाई कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना सदर पुलिस टीम ने 12 मई को आरोपित रामबीर निवासी अटाली, थाना अटेली को अटाली बस स्टैंड क्षेत्र से काबू कर गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता जोगेंद्र निवासी गांव चुडीना ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि दो नवंबर को जब वह गांव खामपुरा में मौजूद था, तब किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

## इस बार भी लड़कियों ने मारी बाजी, हर संकाय में लहराया परचम

# सीबीएसई बारहवीं में जिले के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, स्कूलों में मना जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीबीएसई बोर्ड की ओर से बुधवार को कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। देशभर में सीबीएसई के 22 रीजन में गुरुग्राम रीजन ने कक्षा बारहवी में 8वां स्थान प्राप्त किया है। गुरुग्राम रीजन का पास प्रतिशत 88.43 रहा। बारहवीं के रिजल्ट में इस बार भी लड़कियां अव्वल रही है। बारहवीं के तीनों संकायों में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए जिले के विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है। बारहवीं कक्षा का परिणाम आते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। रिजल्ट आने पर स्कूलों में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ जमकर जश्न मनाया। जिले से इस बार सीबीएसई बोर्ड बारहवीं परीक्षा में 9 हजार 210 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।



रेवाड़ी। 12वीं के परीक्षा परिणाम में मेरिट में आए राठ स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जेपीएस की ईशिका ने पाए 97 प्रतिशत अंक

जैन पब्लिक स्कूल की कॉमर्स संकाय की छात्रा ईशिका गुलाटी ने सर्वाधिक 97 अंक लेकर पहला स्थान पाया। प्रबंधन समिति एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कॉमर्स में यशिता ने 96.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा निकिता ग्रोवर ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। नॉन मेडिकल मे हिमांशी 95.8 प्रतिशत अंक लेकर पहले, देव सलूजा 92.6 प्रतिशत लेकर दूसरे तथा शुभम गुप्ता 89.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। कला संकाय में मुस्कान ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर पहला, प्रिया यादव ने 91.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा विधी सिंह ने 88.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान पाया। मेडिकल संकाय में जहान्वी 91.2 प्रतिशत अंक लेकर पहले, रिया गुप्ता 85.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे तथा लक्ष्य वर्मा ने 85.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रबंधन समिति के प्रधान सीए मोहित जैन, उप प्रधान सीमा जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन , शासकीय निकाय सदस्य रविंद्र जैन, निपुण जैन प्रद्युमन जैन, विजय जैन, प्रधानाचार्या सोनल छाबडा व उपप्रधानाचार्या विजय गुप्ता व शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।





रेवाड़ी। जेपीएस स्कूल में सीबीएसई रिजल्ट के बाद खुशी मनाते विद्यार्थी।

### राठ स्कूल में महक जोशी बनीं टॉपर



सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणाम में राज इंटरनेशनल स्कूल ने सफलता का परचम लहराया है। राठ ग्रुप चेयरमैन बलवान सिंह यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं के साइंस वर्ग मेडिकल एंड नॉन मेडिकल में महक जोशी ने 97.8 प्रतिशत, प्रिंस सतेजा ने 97.4 प्रतिशत और खुशीश ने कला संकाय में 97.4 प्रतिशत के साथ टॉप स्थान प्राप्त किया। साथ ही नूपुर यादव ने 97.2 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में छात्रा खुशी ने 96.6 प्रतिशत, नेहा स्वामी 97 प्रतिशत, लीजा 96.4 प्रतिशत, तमन्ना यादव 96.2 प्रतिशत, हार्दिक 95.8 प्रतिशत, सोनम 95.6 प्रतिशत, लक्ष्य 95.2 प्रतिशत, सना 95.2 प्रतिशत, कुशाग्र 95.2 प्रतिशत, प्रीति यादव 95.2 प्रतिशत व तान्या ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल के सेक्रेटरी नितेश यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने फिजिक्स व बायोलॉजी म्यूजिक कंप्यूटर में 100 में से 100 मार्कस प्राप्त किए। डायरेक्टर शिवानी यादव, निदेशक डा.रविंद्र तंवर, प्राचार्य केपी बर्वे, उप प्राचार्य कुसुम यादव, अकेडमिक डायरेक्टर संदीप यादव, कोऑर्डिनेटर मीना यादव, अजय यादव, नंदनी यादव व कोचिंग हेड पंकज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



रेवाड़ी। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद खुशी मनातीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### शत-प्रतिशत रहा ह्युमेनिटी पब्लिक स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम

रेवाड़ी। ह्युमेनिटी पब्लिक स्कूल भैरामपुर भडंगी का एचबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के लगभग 90 से 95 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। सात विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की, जबकि 20 विद्यार्थियों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावक भी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानाचार्य भीम ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है। संचालक सतपाल ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दी।



रेवाड़ी। शिक्षकों के साथ मेधावी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### 94% अंक हासिल कर सिमरन और हिमांशु बने स्कूल टॉपर

रेवाड़ी। सीबीएसई बोर्ड 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के अध्यक्ष राय सिंह यादव ने बताया कि बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विज्ञान संकाय में सिमरन तथा हिमांशु ने 94 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। कॉमर्स संकाय में दक्ष तथा लक्ष्य ने 93 प्रतिशत अंक लेकर तथा कला संकाय में प्रिया ने 90 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्राचार्या सरिता यादव तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।

## रेवाड़ी व धारुहेड़ा में भाजपा की जीत पर अटेली में जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

रेवाड़ी नगर परिषद की चेयरमैन विनीता पीपल व धारुहेड़ा नगर पालिका के चेयरमैन सत्यनारायण उर्फ अजय जांगड़ा की प्रचंड जीत पर अटेली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अटेली स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर लड्डू बांटे।

पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण शर्मा व अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री की जनहितकारी नीतियों तथा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जीत है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के नारे लगाए गए।

इस मौके पर वार्ड पार्षद अंशुल गोयल, कर्मवीर खींची, राजपाल, मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन राधेश्याम, आईटी सेल हेमंत, जितेंद्र कुमार, अमन कुमार, नरेश कुमार, संजय सिलारपुर, महावीर, प्रदीप कमांडो आदि मौजूद थे।





मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यालय में लड्डू खिलाते कार्यकर्ता।

## बोर्ड परीक्षा में झाड़ोदा स्कूल का परिणाम सराहनीय

### मुस्कान ने 500 में से 451 अंक प्राप्त कर किया विद्यालय टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

**इंद्रजीत ने 449 अंक हासिल कर प्राप्त किया दूसरा स्थान**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में झाड़ौदा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

प्राचार्य महेश कुमार ने बताया कि छात्रा मुस्कान पुत्री गंगाराम ने 500 में से 451 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, छात्र आशीष कुमार पुत्र इंद्रजीत ने 449 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा छात्रा महक पुत्री धर्मेन्द्र ने 446 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 52 छात्र-छात्राओं ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान विजय यादव , सरपंच इंद्रजीत, पूर्व प्रधान सत्यनारायण, सतीश कुमार ने उत्कृष्ट परिणाम के लिए बच्चों एवं स्टाफ को बधाई दी।



कोसली। उत्कृष्ट परिणाम पर बच्चों व स्टाफ को बधाई देते प्राचार्य व अन्य।

## वाद-विवाद स्पर्धा के वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग में परेरा सदन विजेता

### गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में सह-शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत समूह 'अ' वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9-12 व समूह 'ब' कनिष्ठ वर्ग कक्षा 7-8 के लिए योगेश कुमार सिंघल टीजीटी हिंदी के नेतृत्व में अंतरसदनीय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग के लिए वाद-विवाद का विषय आरक्षण नीति भारत में सामाजिक असमानताओं को दूर करने में विफल रही है तथा कनिष्ठ वर्ग के लिए विषय वैश्विक शांति के लिए महाशक्तियों का युद्ध में हस्तक्षेप सही है रहा। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य एवं प्रशासनिक अधिकारी ने कार्यक्रम के मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। साथ ही उप प्राचार्या व वरिष्ठ अध्यापक भी मौजूद थे। प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका में दुर्गा सिंह, प्रवीण टीजीटी हिंदी व विजेंद्र सोलंकी टीजीटी संस्कृत मौजूद रहे।

हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कैडेट सौम्य भट्ट अर्जन सदन ने प्रथम, कैडेट लोकेश भारती अर्जन सदन ने द्वितीय तथा कैडेट जतिन परेरा सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं कनिष्ठ वर्ग में कैडेट निश्चिंत प्रताप करियप्पा सदन ने प्रथम, कैड़ेट भूमित परेरा सदन ने द्वितीय व कैडेट गर्वित कटारी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संयुक्त परिणामों के आधार पर परेरा सदन विजेता रहा, जबकि अर्जन सदन और सुब्रोतो सदन द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुस्तकें व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता की छात्र अध्यक्षा कैडेट खुशी उपाध्याय व अध्यक्ष कैडेट आयुष राज थे। मंच संचालन कैडेट चिन्मय, कैडेट लक्ष्य, कैडेट कमल सिंह तथा कैडेट गोविंद ने किया, वहीं कार्यक्रम छात्र प्रभारी कैडेट उत्पल थे। कार्यक्रम में समस्त शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित थे।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते शिक्षक।

## भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाल मनाईं खुशियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा में भाजपा समर्थित चेयरमैन प्रत्याशियों की शानदार जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव के नेतृत्व में शहर में भव्य विजयी जुलूस निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाजारों में पहुंचकर व्यापारियों और आमजन को लड्डू बांटे तथा भाजपा की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी व धारूहेड़ा में चुनाव केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के दिशानिर्देशों में लड़ा गया था, जिसका परिणाम जनता ने भारी समर्थन देकर सामने रखा है। इस मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पूर्णचंद गुर्जर, मंडल प्रधान, महामंत्री सरजीत सिंह, विजय शर्मा, गगन दायमा आदि मौजूद रहे।

## राजकीय स्कूल गोकलपुर में स्टाफ की कमी, बाधित हो रही पढ़ाई

- पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य मंत्री को भेजा, नियुक्ति की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

खंड अटेली नांगल की ग्राम पंचायत सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने राजकीय उच्च विद्यालय गोकलपुर में लंबे समय से खाली पड़े पदों को लेकर आवाज उठाई है। पंचायत की ओर से प्रस्ताव पारित कर शिक्षा विभाग के साथ साथ स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को भी भेजा गया है, ताकि समस्या का समाधान हो सके। सरपंच आरती यादव ने बताया कि विद्यालय में मुख्याध्यापक, कला अध्यापक, पीटीआई, क्लर्क, चपरासी सहित कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से रिक्त पड़े हैं। स्टाफ की कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। कई विषयों की कक्षाएं नियमित रूप से नहीं लग पा रही हैं, जिससे बच्चों का शैक्षणिक स्तर प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों और अभिभावकों ने भी चिंता जताई है। पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का निर्णय लिया। सरपंच ने बताया कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना पंचायत की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यदि जल्द ही रिक्त पदों को नहीं भरा गया, तो इसका सीधा असर विद्यार्थियों के परिणाम व उनके भविष्य पर पड़ेगा। इसलिए विभाग से जल्द से जल्द नियुक्तियां करने की मांग की गई है। उन्होंने इस संबंध में प्रस्ताव स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव को भी भेजा गया है, ताकि सरकार स्तर पर इस मामले में संज्ञान लिया जा सके।

### शाम के समय मौसम में बदलाव, दो दिन तक बारिश या बूंदाबांदी के आसार

## तापमान गिरने के बावजूद राहत नहीं, दिनभर पसीने ने किया तरबतर

**लुढ़कने के बाद भी अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारी गर्मी लोगों को जमकर परेशान कर रही है। मौसम में बार-बार बदलाव आने के बावजूद गर्मी का असर कम नहीं हो रहा है। कभी तेज धूप निकलने के बाद गर्म हवाओं का सामना करना पड़ता है, तो कभी बूंदाबांदी के बाद उमस भरी गर्मी परेशान करती है। 15 मई तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है।

बुधवार को सुबह के समय आसमान साफ बना रहा। तेज धूप के बाद तापमान में मामूली वृद्धि दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की गिरावट के साथ 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी 1.9 डिग्री की गिरावट के साथ 23.6 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। हवा में नमी का स्तर 36 प्रतिशत बना रहा, जबकि दिन में 16 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। दिन का तापमान अभी सामान्य बना हुआ है। बीते वर्ष 13 मई को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री और न्यूनतम 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस बार मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी तेज धूप खिलती है, तो कभी आसमान में बादल छा जाते हैं। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी होती है। भारी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। बूंदाबांदी के बाद उमस जमकर परेशान करती है। उमस बनने पर कूलर की हवा तक काम करना बंद कर देती है, जिससे लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ता है। बुधवार को शाम के समय एक बार फिर से आसमान में बादल गहरा गए। इसके बाद आंधी और बारिश की संभावना बन गई थी।



रेवाड़ी। बुधवार को आसमान में छाए घने बादल। फोटो : हरिभूमि

### दो दिन तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार वीरवार और शुक्रवार को भी मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादल, तेज हवाओं या आंधी के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के बार-बार सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 15 मई के बाद तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जा सकती है। इसके बाद लोगों को हीट वेव का सामना भी करना पड़ेगा। मौसम में बदलाव के बाद लू के प्रकोप से निजात मिली हुई है। बिजली की मांग भी बढ़कर 90 लाख यूनिट तक पहुंच गई है।

### रेवाड़ी और धारूहेड़ा में अपने दम पर लड़वाया चुनाव

# राव विरोधी कवायद बेअसर, कायम रहा समर्थकों का भरोसा, इलेक्शन मैनेजमेंट में वंदना पास

**विरोधी खेमे ने खुलकर नहीं दिया प्रत्याशियों का साथ, सुनील मुसेपुर पर भरोसा रहा बरकरार**

- भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मतदान तक शहर में जमे रहे, ताकि भीतरघात करने वालों पर नजर रखी जा सके



रेवाड़ी। रामपुरा हाउस में केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत के साथ पार्षद। फोटो : हरिभूमि

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की बड़ी जीत का श्रेय पूरी तरह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की सधी हुई रणनीति और जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली के सटीक इलेक्शन मैनेजमेंट को जाता है। दोनों निकाय में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की जिम्मा पूरी तरह राव के कंधों पर था। चुनाव सीधे तौर पर उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ था, जिस पर खास समर्थकों ने आंच नहीं आने दी। भाजपा में राव के विरोधियों ने खुलकर पार्टी प्रत्याशियों का साथ नहीं दिया। इसके बावजूद राव ने यह साबित कर दिया कि वह टिकट दिलाना भी जानते हैं और चुनाव जिताना भी। कम से कम नगर परिषद चेयरमैन पद पर विनीता पीपल की जीत ने राव विरोधी खेमे को हताश करने का कार्य जरूर कर दिया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मतदान तक शहर में जमे रहे, ताकि भीतरघात करने वालों पर नजर रखी जा सके।

रेवाड़ी में विनीता पीपल और धारूहेड़ा में अजय जांगड़ा को टिकट मिलते ही भाजपा में राव विरोधी खेमे में विरोध के स्वर मुखर होने शुरू हो गए थे। चुनावों में जीत का परचम फहराने के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व की ओर से इस बार 'बगावत' करने वालों को तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए थे। 1 मई को सीएम नायब सैनी के आगमन से पहले ही भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल 15 लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद धारूहेड़ा में दो लोगों को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर कर दिया गया। इसके बाद राव विरोधी खेमे के नेताओं ने पिछले निकाय चुनावों की तरह खुलकर विरोध तो नहीं किया, लेकिन अंदरखाने नुकसान पहुंचाने का पूरा प्रयास किया। राजनीतिक जानकारों के अनुसार अगर यह खेमा खुलकर साथ देता, तो भाजपा प्रत्याशी की जीत 30 हजार का आंकड़ा भी पार कर सकती थी। दोनों निकाय में भाजपा प्रत्याशियों की बड़ी जीत ने यह साबित कर दिया कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के तिलिस्म को तोड़ पाना विरोधियों के बूते से बाहर है।

### आरती राव ने जमकर बहाया पसीना

पार्टी में भीतरघात की आशंका को देखते हुए सीएम नायब सिंह सैनी की सभा में ही राव ने यह स्पष्ट कर दिया था कि वह दूर बैठकर चील जैसी निगाह से सब कुछ देखते रहेंगे। उन्होंने खुद प्रचार मैदान में उतरने की बजाय बेटी आरती सिंह राव को मैदान में उतारा। आरती ने भारी गर्मी के बीच रेवाड़ी शहर और धारूहेड़ा कस्बे में पिता समर्थित प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जमकर प्रचार मैदान में पसीना बहाया।

### धारूहेड़ा में अनिल जोड़ी का कमाल

राव ने एक रणनीति के तहत धारूहेड़ा में अजय जांगड़ा को जिताने के लिए इलेक्शन मैनेजमेंट पूरी तरह कोसली के विधायक अनिल यादव और भाजपा नेता अनिल रायपुर को सौंप दी थी। इन दोनों की जोड़ी ने अंतिम वोट पड़ने तक मोर्चा संभाले रखा। इसी का परिणाम रहा कि अजय जांगड़ा बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हो गए। कांग्रेस यहां दूसरा स्थान तक हासिल करने में कामयाब नहीं हुई।

### सुनील मुसेपुर का धमाल

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में भले ही भाजपा प्रत्याशी सुनील मुसेपुर मामूली अंतर से हार गए, परंतु उनके प्रति राव का भरोसा जरा भी कम नहीं हुआ। शहर में विनीता पीपल का जिताने का जिम्मा राव ने पूरी तरह सुनील मुसेपुर को सौंप दिया था। प्रचार के लिए बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार को मैदान में उतारा। दोनों राव समर्थकों ने शुरू से ही पार्टी प्रत्याशी की जीत की पटकथा तैयार करना शुरू कर दिया था।

### जिलाध्यक्ष की रणनीति दे गई मात

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने सीएम की सभा में डा. वंदना पोपली को पूरा महत्व देते हुआ कहा था कि जिले के सभी विधायक और सांसद उनके नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। इसके बाद डा. वंदना पोपली ने संगठन की गोटियां इस तरह से फिट कीं कि कांग्रेस जीत के आसपास भी नहीं फटक नहीं पाई।

# भाजपा प्रत्याशियों की जीत सामूहिक प्रयास का नतीजा: राव इंद्रजीत सिंह

- अब विरोधियों को 'भूरट' बताकर साध गए निशाना, पीएम और सीएम की तारीफ के खुलकर बांधे पुल, दस निर्दलीय पार्षद हुए भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने कहा कि लगातार तीन पर देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अभी तक पीएम मोदी के प्रति देश की जनता की आस्था में कोई कमी नहीं आई है। देश में मोदी और प्रदेश में नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व के कारण ही निकाय चुनावों में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। यह जीत किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पार्टी के सामूहिक प्रयासों की जीत है। राव बुधवार को निकाय चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अपने निवास पर उमड़ी समर्थकों की भारी भीड़ को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर 10 निर्दलीय पार्षदों को राव ने पटका पहनाकर भाजपा जवाइन कराई।

उन्होंने कहा कि अक्सर लंबे समय तक एक ही पार्टी की सरकार सत्ता में रहने पर लोगों में सरकार विरोधी भावना पैदा हो जाती है, लेकिन निकाय चुनावों में मिली भाजपा की जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोगों का भाजपा के प्रति विश्वास कम नहीं हुआ है। उन्होंने दोनों निर्वाचित चेयरमैन को जीत की बधाई देते हुए कहा कि विनीता पीपल जहां शहर की समस्याओं को दूर करते हुए विकास को गति प्रदान करेंगी, वहीं अजय जांगड़ा धारूहेड़ा में विकास के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में कार्य करेंगे।

### 'काली मूठ' के बाद अब 'भुरट'

गत 2 मई को सीएम नायब सिंह के आगमन पर राव ने काली मूठ और सफेद मूठ का जिक्र करते हुए सीएम को सिद्ध पुरुष करार दिया था। अब राव ने अपने विरोधी खेमे से जुड़े भाजपा नेताओं को 'भुरठ' करार दिया। भूरठ एक ऐसा कांटेदार खरपतवार है, जो खेत से निकलते समय लोगों के कपड़ों पर चिपक जाता है। उसके कांटे शरीर पर चुभने लगते हैं।

### इन पार्षदों को ज्वाइन करवाई पार्टी

राव से मुलाकात करने वाले निर्दलीय पार्षदों में वार्ड 5 से पूनम कुमारी, वार्ड 6 से गोपाल सैनी, वार्ड 8 से पूनम सतीजा पत्नी शैलेंद्र सतीजा, वार्ड 10 से पवन बठला, वार्ड 16 से मुकेश वर्मा, वार्ड 26 से इतेंद्र यादव, वार्ड 27 से सुमन खरेरा, वार्ड 28 से रमेश मोरवाल, वार्ड 29 से श्री भगवान यादव, वार्ड 30 से पूनम पत्नी सुनील उपस्थित रहे। राव ने उन्हें पटका पहनाकर पार्टी ज्वाइन कराई।

### यह रहे इस मौके पर मौजूद

इस मौके पर चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पूनिया, जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक कृष्ण कुमार, विधायक अनिल यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील मुसेपुर, विधायक बिमला चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष हुकम चंद यादव, सतीश खोला, अनिल रायपुर, रामपुरा सरपंच नरेश यादव नरू, राहुल यादव बूढ़पुर व बड़ी संख्या में राव समर्थक मौजूद थे।



रेवाड़ी। निर्दलीय निर्वाचित पार्षदों को भाजपा ज्वाइन कराते हुए राव। फोटो : हरिभूमि

## सरस्वती स्कूल गुड़ियानी के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में पाई सफलता

कोसली। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल गुड़ियानी का परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय के छात्र कार्तिक ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंजलि ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, मोनिका ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय और काजल ने 92.9 प्रतिशत अंक लेकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 9 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक, 18 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक व 26 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय की चेयरपर्सन मंजू बाला ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य डीवी शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के कठिन परिश्रम की सराहना की। अकेडमिक हेड एडवोकेट कपिल शर्मा ने सभी मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया।






## एचबीएसई बारहवीं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

रेवाड़ी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से घोषित कक्षा 12वीं में सीहा के सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के स्टाफ सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि विद्यालय के 26 बच्चों ने बोर्ड की मेधा सूची में नाम दर्ज कराया है,जबकि शेष विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञान संकाय में छात्रा आंचल ने 480 अंक लेकर प्रथम, कल्पना व दीपक ने 448 अंक लेकर द्वितीय तथा अदिति ने 447 अंक लेकर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया है, वहीं कला संकाय में छात्रा महक, अंतिम व तनीषा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। टॉपर्स के अलावा दीपिका, दिव्या, खुशबू, कीर्ति, पिंकी, पुष्पा, रूपांशी, सरिता, रोहित, उमंग, संयोगिता, सपना, पूजा, आरती, वंशिका, महक, प्रीती कुमारी व मुस्कान ने मेरिट हासिल की है। बुधवार को सभी मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य सत्यवीर नाहड़िया ने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम को विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के संरक्षण का प्रतिफल बताया।

## बच्चों ने कविता के माध्यम से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



धारूहेड़ा। लिटिल मेस्ट्रो स्कूल में हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए पर्यावरण संरक्षण पर कविता पाठ किया। लियांशी यादव ने पेड़ की भूमिका में कविता सुनाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर प्रिंसीपल श्रद्धा धनुका ने ऐसे कार्यक्रम बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं और उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मंच पर प्रस्तुति देने से बच्चों का डर दूर होता है और वे निडर बनते हैं। हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में मास्टर पुनर्व शर्मा प्रथम, लियांशी यादव द्वितीय और काम्या जांगिड़ व साएशा वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### न्यूज डायरी




## श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

रेवाड़ी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से घोषित किए गए कक्षा बारहवीं के परीक्षा परिणामों में श्री कृष्ण सीनियर सैकेंडरी स्कूल हांसाका का प्रदर्शन शानदार रहा। स्कूल के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में छात्रा अंकिता ने 484 अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम, वाणिज्य संकाय में छात्रा दक्षिता ने 473 अंक लेकर द्वितीय तथा कला संकाय में छात्रा बरखा ने 472 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इनके अलावा विद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के संचालक सुदेश कुमार यादव ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों और प्राध्यापकों के कड़े परिश्रम का सुखद परिणाम है।

## एचबीएसई बारहवीं में जानवी बनी एसकेजी भाकली की स्कूल टॉपर





कोसली। एसकेजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल भाकली का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा जानवी ने 500 में से 479 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नैंसी रोहिल्ला ने 500 में से 476 अंक प्राप्त कर द्वितीय और नीशू कुमारी ने 500 में से 473 अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान पाया। विद्यालय से 96 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। इनमें से 24 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 75 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। गृह विज्ञान विषय में 3 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक तथा व्यवसाय अध्ययन विषय में 1 विद्यार्थी ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। एसकेजी शिक्षा समिति के प्रधान राय सिंह, संचालक श्याम सिंह एवं प्रधानाचार्य पवन कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## एचपीएस के विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड में लहराया सफलता का परचम

बावल। हिंदू पब्लिक स्कूल बावल के विद्यार्थियों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा तथा अधिकांश विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। छात्रा नेहा ने मेडिकल विद मैथ्स संकाय में अंग्रेजी विषय में 96, जीवविज्ञान में 96 तथा हिंदी में 92 अंक के साथ 92 प्रतिशत अंक हासिल किए।और विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल की छात्रा योग्यता ने राजनीति विज्ञान में 99, फिजिकल एजुकेशन में 98 तथा अंग्रेजी में 92 अंक लेकर 91 प्रतिशत अंक अर्जित किए। शिक्षकों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दी।

## लगातार चौथे वर्ष उत्कृष्ट रहा कंवाली स्कूल का परीक्षा परिणाम

रेवाड़ी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से 12वीं कक्षा के जारी परीक्षा परिणाम में कंवाली सरकारी स्कूल ने लगातार चौथे वर्ष उत्कृष्ट परिणाम दिया है। विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि स्कूका परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के तीनों संकायों के 59 छात्रों में से 10 छात्र मेरिट सूची में उत्तीर्ण हुए हैं। 22 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए और 57 बच्चों ने प्रथम श्रेणी से पास होकर से कीर्तिमान बनाया है। विज्ञान संकाय में प्रतिभा ने 457 अंक, कॉमर्स सकाय में शशि ने 407 अंक तथा आर्ट संकाय में दीपिका ने 436 अंक लेकर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। बुधवार को मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने इस उपलब्धि का श्रेय सभी स्टाफ सदस्यों को और बच्चों की मेहनत को दिया। इस अवसर पर मिथिलेश कुमारी, श्री भगवान, अनिल कुमार, राम सिंह, सुनीता देवी, प्रदीप कुमार, सुमेर सिंह, पूजा व रमेश देवी उपस्थित थे।




रेवाड़ी। मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# गवर्नमेंट स्कूल रतनथल के विद्यार्थियों ने हरियाणा बोर्ड में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल का एचबीएसई 12वीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल के 57 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। छात्रा खुशी चौहान ने 94 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि एकता चौहान 93.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे तथा मौनिका चौहान 93.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावा 13 विद्यार्थियों ने मेरिट और 28 छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन श्रेणी प्राप्त की। प्राचार्य अशोक कुमार ने कहा कि विद्यालय राष्ट्रीय छात्रवृत्ति, इंस्पायर अवार्ड, बुनियाद, सुपर हंड्रेड, बोर्ड परीक्षा परिणाम, कल्चरल गतिविधियां व खेलों में अपनी काबिलियत दर्ज कराता रहा है। ज्योग्राफी में तीन बच्चों ने 100 में से 100 अंक और राजनीतिक विज्ञान में एक विद्यार्थी ने 100 में से 100 प्राप्त किए। ग्रामीण बच्चों ने अंग्रेजी में 96 अंक प्राप्त करके रतनथल विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रार्थना सभा में मेरिट प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्रवक्ता किरणपाल व पूर्व सरपंच जय भगवान ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। पूर्व सरपंच ने कहा आईआईटी में स्थान पाने वाली ज्योति कृपाल और मेरिट होल्डर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर सरपंच सुनीता देवी, पूर्व सरपंच धर्मपाल सिंह, प्रधान मेनपाल सिंह चौहान, उप प्रधान वंदना देवी, वरिष्ठ प्रवक्ता दिनेश शर्मा, संजय मल्हन, नीरू शर्मा, टीका राम, अमित यादव, अजीत सिंह, रुचि चौहान, दीपक कुमार, महेंद्र सिंह, बलराम यादव, राजेंद्र कुमार, रामपाल चौहान, सोहनलाल, रीना कुमारी, मुख्य शिक्षक नरेश कुमार, सुभाष शर्मा, अश्विनी यादव, विपिन यादव, जवाहरलाल शर्मा, राहुल यादव, महेश शर्मा और हंस देवी उपस्थित थे। खंड शिक्षा अधिकारी नाहड़ सुरेश कुमार और हरिओम शर्मा ने स्कूल को बधाई दी है।

## कला संकाय की मोनिका बनीं गवर्नमेंट स्कूल बनीपुर की टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

- **प्राचार्या ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत का फल व्यक्ति जीवन भर उठाता है**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनीपुर का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। बुधवार को विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन कर विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली छात्राओं को प्राचार्या शालिनी पुरोहित ने सम्मानित किया। प्राचार्या ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत का फल व्यक्ति जीवन भर उठाता है। उन्होंने बताया कि छात्रा मोनिका ने कला संकाय में 500 में से 471 अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम, तानिया ने 448 अंक लेकर द्वितीय व सारिका ने 424 अंक हासिल कर विद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल किया। इनके अलावा 2 विद्यर्थियों ने 90 फीसदी व 6 विद्यर्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम का संचालन कर रही डा. बबीता वर्मा ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर समाजसेवी सत्यवीर ढिल्लों व स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मंत्री ने विवेकानंद स्कूल चिल्हड़ में हरियाणा बोर्ड स्टेट टॉपर दीपिका का किया सम्मान

# शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेशभर में प्रसिद्धि पा रहा रेवाड़ी: आरती राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बुधवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा में स्टेट टॉपर छात्रा दीपिका को सम्मानित किया स्वास्थ्य मंत्री ने गांव चिल्हड़ स्थित विवेकानंद स्कूल में पहुंचकर दीपिका, उसके परिवार और शिक्षकों को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर पटौदी की विधायक बिमला चौधरी भी मौजूद थी। इस मौके पर आरती राव ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा शिक्षा का हब बन रहा है और शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेशभर में रेवाड़ी जिला प्रसिद्धि पा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के जाट सायरवास गांव की बेटी दीपिका ने पूरे हरियाणा में टॉप कर जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि दीपिका की मेहनत, लगन और अनुशासन प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



रेवाड़ी। छात्रा दीपिका को सम्मानित करती आरती राव। फोटो : हरिभूमि

### बेटियां हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही

बेटियां आज हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रही हैं और प्रदेश व देश का गौरव बढ़ा रही हैं। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य और खेलों सहित सभी क्षेत्रों में बेहतरीन योजनाएं धरातल पर लागू हो रही हैं, जिनका लाभ युवाओं और विद्यार्थियों को मिल रहा है। इस अवसर पर छात्रा दीपिका ने कहा कि उसका सपना यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर देश सेवा करना है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दृढ़ निश्चय और निरंतर मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने दीपिका के माता-पिता और शिक्षकों को भी इस सफलता का श्रेय देते हुए बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।